***The Central School, Dubai***

**कार्यपत्रिका**

**मीरा के पद**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

Q1- पहले पद में मीरा ने अपनी पीड़ा हरने की विनती हरी से कैसे की है ?

A) जैसे सभी भक्तो - द्रौपदी , प्रहलाद का साथ दिया

B) जैसे राधा का साथ दिया

C) जैसे सुदामा का साथ दिया

D) कोई नहीं

Q2- मीरा वृन्दावन में क्यों जा बसी थी ?

A) कृष्ण के लिए

B) रास लीला देखने के लिए

C) पारिवारिक संतापों से मुक्ति पाने के लिए

D) कोई नहीं

Q3- मीरा की रचनाओं में उनके आराध्य किस रूप में संकल्पित किये गए हैं ?

A) निर्गुण निराकार ब्रह्म

B) सगुन साकार गोपी वल्लभ श्री कृष्ण

C) निर्मोही परदेशी जोगी

D) सगुन साकार गोपी

Q4- मीरा बाई का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

A) जोधपुर के चोकड़ी में १५०३ में

B) जयपुर में १५०४ में

C) सीतापुर में १५०५ में

D) जोधपुर

Q5- मीरा के पद किसको सम्बोधित किये गए हैं ?

A) मेवाड़ के महाराणा सांगा

B) अपने आराध्य को

C) अपने पति को

D) अपने पिता को

Q6- मीरा की शादी किस आयु में हुई ?

A) १२ वर्ष की आयु में

B) ११ वर्ष की आयु में

C) १३ वर्ष की आयु में

D) १7 वर्ष की आयु में

Q7- मीरा कौन सी भाषाओ की कवयित्री मानी जाती है ?

A) गुजराती और राजस्थानी

B) हिंदी और गुजराती

C) हिंदी और मराठी

D) सभी

Q8- मीरा की शादी किस से हुई ?

A) मेवाड़ के महाराणा सांगा के कुंवर भोजराज से

B) मेवाड़ के सेनापति से

C) मेवाड़ के प्रजापति से

D) किसे से नहीं

Q9- मीरा किसकी शिष्या थी ?

A) संत रविदास

B) संत रैदास

C) संत रवीश द|स

D) संत दास

Q10- मीरा की भक्ति किस तरह की है ?

A) दैन्य और मदुर भाव

B) प्रेम भाव

C) कठोर भाव

D) उदार भाव

Q11- मीरा के पदों में किन भाषाओं का मिश्रण पाया जाता है ?

A) राजस्थानी

B) ब्रज

C) गुजराती

D) सभी

Q12- किसको बचाने के लिए श्री कृष्ण ने नृसिंह का रूप धारण किया था ?

A) भक्त प्रहलाद

B) भक्त ऐरावत

C) भक्त अहलावत

D) सभी

Q13- दूसरे पद में मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ?

A) श्री कृष्ण के नजदीक रहने के लिए

B) कृष्ण के लिए

C) कृष्ण का हारसिंगार करने के लिए

D) दोहे लिखने के लिए

Q14- मीराबाई ने श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?

A) पीताम्बर मनमोहक के रूप में

B) पीताम्बर जनमोहक के रूप में

C) पीताम्बर के रूप में

D) किसी रूप में नहीं

Q15- मीरा बाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिये ।

A) सरल

B) सहज

C) आम बोलचाल की भाषा

D) सभी

Q16- मीरा श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या क्या करने को तैयार है ?

A) बाग बगीचे लगाने को

B) ऊंचे महल बनवाने को

C) दासी बनने को

D) सभी

Q17- "हरि आप हरो जन री भीर " इन पंक्तियों पर प्रकाश डालें ।

A) हे ईश्वर! जैसे आपने अपने सभी भक्तो के दुःख हरे मेरे भी कष्ट हरो

B) हे प्रभु मेरी पीर हरो

C) हे प्रभु हरिजन की पीर हरो

D) कोई नहीं

Q18- "बूढ़तो गजराज राख्यो , काटी कुंजर पीर ।" पंक्ति पर भाव प्रकट करें ।

A) जैसे अपने ऐरावत को मगरमच्छ से बचाया

B) जैसे आपने इंद्र को मगरमच्छ से बचाया

C) जैसे आपने भगवान् को मगरमच्छ से बचाया

D) सभी

Q19- " चाकरी में दरसण पास्यूँ , सुमरन पास्यूँ खरची | "इस पंक्ति में मीरा क्या कह रही है ?

A) दासी बन मीरा श्री कृष्ण के पास रहेगी और उसे उनको याद भी नहीं करना पड़ेगा |

B) कृष्ण के दर्शन पाने को मीरा नाचेगी

C) कृष्ण के दर्शन पाने को मीरा गली गली घूमेगी

D) याद नहीं करना पड़ेगा

Q20- मीरा के भक्ति भाव का सम्राज्य कैसे बढ़ेगा ?

A) मीरा के कृष्ण के पास रहने से

B) मीरा के नृत्य करने से

C) मीरा के गली गली घूमने से

D) मीरा के दोहे लिखने से

Q21- श्री कृष्ण किसकी साड़ी को बढ़ाते चले गए ?

A) मीरा की

B) राधा की

C) द्रौपदी की

D) कोई नहीं

Q22- मीरा श्री कृष्ण के पास रहने के कौन से फायदे बताती है ?

A) उसे हमेशा दर्शन प्राप्त होंगे

B) उसे श्री कृष्ण को याद करने की जरूरत नहीं होगी

C) उसकी भाव भक्ति का साम्राज्य बढ़ता ही जायेगा।

D) सभी

Q23- मीरा के पद किस भाव को प्रकट करते हैं ?

A) सौंदर्य भाव को

B) रासलीला को,उदासी को

C) कृष्ण भक्ति भाव को

D) भक्ति भाव को

Q24- मीरा श्री कृष्ण के दर्शन किस रंग की साड़ी पहन कर करना चाहती है ?

A) लाल रंग

B) योगी रंग

C) कुसुम्बी रंग

D) रंग बिरंगी

Q25- मीरा श्री कृष्ण के घूमने के लिए क्या बनाना चाहती है ?

A) पौधे

B) हीरे

C) बाग़ बगीचे

D) हरा रंग

Q26- मीरा के काव्य की कितनी कृतियाँ उपलब्ध हैं ?

A) सात - आठ

B) सात -दस

C) चार - पांच

D) कोई नहीं

Q27- मीरा के अनुसार श्री कृष्ण कहाँ गाय चराते हुए सबका मन मोह लेते हैं ?

A) गोकुल

B) गोकुल धाम

C) वृन्दावन

D) वन में

Q28- मीरा हर रोज़ सुबह उठ के किसके दर्शन करना चाहती है ?

A) श्री राम के

B) अपने पति के

C) श्री कृष्ण के

D) पिता के

Q29- ऐरावत हाथी को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने किसको मारा ?

A) हाथियों के झुण्ड को

B) नृसिंह को

C) मगरमच्छ

D) कोई नहीं

Q30- मीरा आधी रात को श्री कृष्ण को कहाँ पर मिलना चाहती है ?

A) अपने घर पर

B) घर की छत पर

C) यमुना के तट पर

D) मंदिर में